# कंट्रोल रूम की ड्राइंग व डिजाइन तैयार




**शाहजहांपुर।** राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत शाहजहाँपुर नगर में आईटीएमएस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु एमनेक्स इन्फोटेक्नोलॉजी प्रालि द्वारा प्रस्तुत ड्राईंग व डिजायन के अनुमोदन हेतु स्टेकहोल्डर (हितधारक) विभागों की बैठक कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर में की गई। जिसमें नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, नगर मजिस्टेऊट राजेश कुमार, पुलिस अधीक्षक (नगर), अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, अधिषासी अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रभारी यातायात पुलिस, शाहजहाँपुर, प्रोजेक्ट मैनेजर, एमनेक्स इन्फोटेक्नोलॉजी प्रालि मनोज कौषिक, सीनियर इंजीनियर, एमनेक्स इन्फोटेक्नोलॉजी प्रालि रितेश सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) परियोजना अन्तर्गत चयनित 13 चौराहों/तिराहों एवं आपरेशनल कंट्रोल रूम की ड्राईंग व डिजायन तैयार की गयी है जिस पर अनुमोदन प्रदान किया जाना है। परियोजना के संबंध में समस्त उपस्थित अधिकारियों को विस्तारपूर्वक बताया गया। उक्त परियोजना अन्तर्गत आपरेशनल कंट्रोल रूम पर अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में फायर सेफ्टी का विशेष ध्यान रखा जाये।